an>

Title: Need to form a new State of 'Bundelkhand'.

श्री राजनारायन बुधौलिया (हमीरपुर, उ0प्र0) : महोदया, भारत एक विशाल देश है। पूरे देश का तेजी से विकास तभी संभव है जब लोगों की आवश्यकतानुसार बड़े राज्यों की जगह छोटे-छोटे राज्यों का निर्माण समय रहते कर लिया जाए। केन्द्र सरकार ने समय-समय पर लोगों की जरुरत के अनुसार देश में अनेक राज्यों का निर्माण किया है। उन सभी नये राज्यों का विकास तेजी से हुआ है। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश एक बहुत बड़ा राज्य है। बुन्देलखंड की आबादी करोड़ों में है। बुन्देलखंड क्षेत्र में भारी क्षेत्रीय असंतुलन व्याप्त है। रोजी-रोटी की जुगाड़ में वहां के लोग दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, पंजाब जैसे विकसित क्षेत्रों में जा रहे हैं। पूरे बुन्देलखंड क्षेत्र में बेकारी और बेरोजगारी से उ.प्र. और म.प्र. के लगभग 29 जिलों की पूरी आबादी जूझ रही है। पिछले 5 वर्षों से यहां पानी न बरसने के कारण खेत बंजर हो गए हैं। महंगाई की मार के कारण गरीब आदमी और गरीब होता जा रहा है। बुन्देलखंड क्षेत्र के विकास के लिए कई बार केन्द्र सरकार से विशेष पैकेज की मांग की गई है, किंतु आज तक कोई धनराशि उपलब्ध नहीं कराई गई है। बुन्देलखंड क्षेत्र के लोगों में अलग राज्य के गठन की मांग लगभग तीस साल पुरानी है। लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। यहां की वन व खनिज संपदा का तेजी से पलायन हो रहा है और वह अन्य प्रान्तों में सोना बनकर जगमगा रही है। माताटीला और परीक्षा ऐसे बांध हैं जहां पर बिजली तो बनती है लेकिन बुन्देलखंड को नहीं दी जाती। यदि बुन्देलखंड पृथक राज्य बन जाये तो यहां उत्पादित होने वाली बिजली से पूरे क्षेत्र को 24 घंटे बिजली आपूर्ति के बाद भी बची हुई बिजली को भारी मात्रा में बेचा जा सकेगा। यहां पर यमुना, बेतवा, धसान, चन्द्रावल, केन, विरमा और नर्मदा आदि प्रमुख नदियां होने के बाद भी लोगों को सिंचाई एवं पीने का शुद्ध मीठा पानी उपलब्ध नहीं है। पूरा क्षेत्र उद्योग शून्य बनकर रह गया है। तकनीकी एवं उच्च शिक्षा का अभाव है। सड़क रेल एवं हवाई मार्ग की स्थिति अत्यन्त दयनीय है। उत्तर प्रदेश की सरकार बुन्देलखंड राज्य के निर्माण की घोषणा कर चुकी है। केन्द्र सरकार को भी उसी तत्परता के साथ बुन्देलखंड राज्य के निर्माण के लिए तुरन्त आगे आने की आवश्यकता है।

इसलिए मेरा सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उत्तर प्रदेश के महोबा, हमीरपुर, जालौन, बांदा, चित्रकूट, झांसी, ललितपुर तथा मध्य प्रदेश के बुन्देलखंज क्षेत्र के सभी जिलों को जोड़कर नये बुन्देलखंड राज्य के निर्माण के लिए आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

[R28]MADAM CHAIRMAN: Shri Shailendra Kumar – not present.

Shri Mohan Singh.